>

Title: Need to increase the height of underground subways at railway crossings on various lines under South East – Central Railway in Madhya Pradesh.

श्री के.डी. देशमुख (बालाघाट): सभापति महोदय, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत नैनपुर-छिंदवाड़ा बालाघाट-नैनपुर, गोंदिया-बालाघाट, बालाघाट कटंगी, तिरोड़ी-तुमसर रेलवे लाइनों पर चौकीदार रहित समपारों पर ओपन-कट पद्धति से समिति ऊंचाई के भूमिगत परिपथ बनाने का कार्य प्रारम्भ हो गया है, जिनकी ऊंचाई सवा तीन मीटर से पौने चार मीटर तक है। इन लिमिटेड हाइट सब-वे बनाए जाने से अब रेलवे लाइन से लगे हुए गांवों में सदा-सदा के लिए बड़े वाहनों के आवागमन से ग्रामीणों को वंचित होना पड़ेगा जिससे ग्रामीण जन-जीवन बाधित हो जाएगा। प्रायः गांवों में सहकारी समितियां हैं जिनमें चावल, धान, गेहूं तथा रासायनिक खाद बड़े वाहनों से लाया और ले जाया जाता है। यदि इन भूमिगत परिपथों की ऊंचाई नहीं बढ़ाई गई तो ग्रामीण लोगों का जीना मुश्किल हो जाएगा। ग्रामीण जनता को राशन उपलब्ध नहीं हो पाएगा।

आपके माध्यम से माननीय रेल मंत्री जी से निवेदन है कि नैनपुर-छिंदवाड़ा में 20 भूमिगत परिपथ, बालाघाट-नैनपुर में 27 भूमिगत रेलपथ, गोंदिया बालाघाट में 24 भूमिगत परिपथ, बालाघाट कटंगी में 14 भूमिगत परिपथ, तिरोड़ी तुमसर में 20 भूमिगत परिपथों की ऊंचाई बढ़ाने का कÂट किया जाए और कुछ समपारों के ऊपर कुछ स्थानों पर ऊपरी पुल बनाने का कÂट किया जाए अन्यथा इलाके की ग्रामीण जनता उग्र रूप धारण कर लेगी जिसकी जवाबदेही रेलवे और रेलवे के अधिकारियों पर होगी। मैं आशा करता हूं कि रेलवे विभाग इस तरफ जल्दी से जल्दी ध्यान देगा।